स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

फा. सं. भाखेप्रा/रा.भा/नराकास/3085/2024-25/911

दिनांक : - 16.04.2025

सेवा में,

**वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी**
**संसदीय राजभाषा समिति**
**11 तीन मूर्ति मार्ग,**
**नई दिल्ली – 110011**

**विषय : - दिनांक 08.11.2024 (शुक्रवार) को आयोजित संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य के निरीक्षण के दौरान गाजियाबाद-उपक्रम के अध्यक्ष तथा उसके सदस्य कार्यालयों द्वारा बैठक हेतु किए गए व्यय का भुगतान नहीं किए जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचनार्थ प्रस्तुत है कि संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य समिति द्वारा दिनांक 08.11.2024 को एक निरीक्षण बैठक आयोजित की गई थी। इस निरीक्षण बैठक का समन्वय कार्य भारतीय खेल प्राधिकरण, अध्यक्ष कार्यालय, नराकास दक्षिण दिल्ली – 2 को सौंपा गया था।

इस निरीक्षण बैठक से पूर्व अध्यक्ष कार्यालय द्वारा सभी निरीक्षणाधीन कार्यालयों के साथ तैयारी के संदर्भ में एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सभी कार्यालयों ने अशोका होटल में निरीक्षण बैठक आयोजित करने हेतु अपनी सहमति व्यक्त की और निरीक्षण बैठक पर होने वाले समस्त व्यय हेतु अग्रिम राशि देने और बैठक पर भी अपनी सहमति दी परंतु उपरोक्त व्यय हेतु किसी भी कार्यालय से अग्रिम राशि अध्यक्ष कार्यालय को प्राप्त नहीं हुई थी। सम्पूर्ण व्यय अध्यक्ष कार्यालय द्वारा स्वयं वहन किया गया था।

इस संबंध में 04 कार्यालयों को छोड़कर सभी कार्यालयों द्वारा अपनी राशि का भुगतान कर दिया गया है।यह 04 कार्यालय गाजियाबाद नराकास अध्यक्ष कार्यालय और इसके सदस्य कार्यालय है। उक्त संबंध में बड़े खेद के साथ सूचित किया जा रहा है कि बार – बार दूरभाष/व्हाट्सप्प पर संपर्क करने तथा ई-मेल द्वारा लिखित सूचना देने के बावजूद भी निम्नलिखित 04 कार्यालयों द्वारा अभी तक भी राशि का भुगतान नहीं किया गया है :

1. नराकास अध्यक्ष गाजियाबाद उपक्रम-उच्च स्तरीय दूरसंचार प्रशिक्षण केन्द्र
2. पावर ग्रिड कोऑपरेशन ऑफ इंडिया समूह कार्यालय, गाजियाबाद
3. दि ओरियंटल इंश्योरेन्स क.लि. मंडलीय कार्यालय,आर. डी.सी. गाजियाबाद
4. उप महाप्रबंधक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. जी.डी.ए कार्यालय कॉम्प्लेक्स नवयुग मार्केट, गाजियाबाद

वित्तीय वर्ष के समायोजन को ध्यान में रखते हुए संसदीय राजभाषा समिति से यह अनुरोध है कि उक्त कार्यालयों को लंबित राशि का अतितत्काल भुगतान करने हेतु निदेश दिया जाएँ।

16/4/25

आशा
सदस्य सचिव (नराकास)

जारी........

प्रतिलिपि : -

1. महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण के उपनिदेशक
2. सचिव, भारतीय खेल प्राधिकरण के अनुभाग अधिकारी
3. श्री कुमार पाल शर्मा, संयुक्त निदेशक (कार्यान्वियन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय-1 (दि.), तृतीय तल, त्रिकुट-II, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के.पुरम, नई दिल्ली – 66
4. मास्टर फाइल